







## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## सियासत : मंडल और जिला कार्यकारिणी की घोषणा जल्द की जाएगी

# शालिनी को समाज कल्याण एवं भरत को मछुआ कल्याण बोर्ड की मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष शालिनी

- सूची जारी होते ही सर्मथकों ने फटाखे फोड़कर मनाई खुशियां
- कांकेर से एक विधायक को मंत्री बनाए जाने की चर्चा जोरों पर

राजपूत को समाज कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष और भरत मटियारा को छग मछुआ कल्याण बोर्ड का दूसरी बार अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। यह पहला मौका है कि कांकेर से दो नेताओं को बोर्ड का अध्यक्ष बनने का मौका मिला है। इस मनोनयन के बाद अब संगठन में मंडल और जिला की कार्यकारिणी की जल्द घोषणा हो सकती है। अध्यक्ष नए बन



गए है, परंतु टीम पुरानी है। यह भी चर्चा है कि नाम तय हो गए है, सूची में मुहर लगना बाकी है।

जानकारी के अनुसार नवरात्र में आयोग और बोर्ड की जिम्मेदारी मिलने की चर्चाएं लगातार चल रही थी और भाजपा सरकार ने संगठन में कार्य करने वाले 36 नेताओं को किसी न किसी आयोग और बोर्ड की जिम्मेदारी सौंपी है। बीती रात को जारी सूची में कांकेर के दो नेताओं को भी जिम्मेदारी मिली है। महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत को समाज कल्याण



बोर्ड का अध्यक्ष मनोनीति किया गया। समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बनने के उपरांत हरिभूमि से बात करते हुए उन्होने कहा कि संगठन और सरकार ने जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, संगठन के वरिष्ठ नेताओं और सरकार के मंत्री के मार्गदर्शन में बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने का प्रयास किया जाएगा। हमारा प्रयास होगा कि समाज कल्याण विभाग ▸▸ शेष पेज 12 पर

### रात को जारी हुई सूची रात को फूटे फटाखे

सरकार के द्वारा जारी सूची रात को लगभग साढ़े 9 बजे के आसपास वायरल हुई और मीडिया में सूची के जारी होते ही बधाई देने का सिलसिला रात से ही शुरू हो गया था। सर्मथकों के द्वारा रात को ही फटाखे फोड़कर जश्न मनाना शुरू कर दिया था। कांकेर से एक विधायक को मंत्री दिए जाने की चर्चा अभी बनी हुई है और बोर्ड में कांकेर से दो अध्यक्ष दिए जाने से कांकेर का ग्राफ बढ़ा है।

### संगठन का जल्द हो सकता है विस्तार

जानकारों की मानें मंडल और जिलाध्यक्ष बने दो माह से ज्यादा समय हो चुका है, परंतु अभी तक मंडल और जिला की कार्यकारिणी तैयार नहीं हो पाई है। संगठन की कार्यकारिणी की संभावित सूची प्रदेश को भेजी जा चुकी है, उस पर मुहर लगना बाकी है। संगठन प्रमुख संभावित सूची पर इसी माह मुहर लगा देंगे, तभी तय हो जाएगा कि संगठन में किसे किस पद का दायित्व मिला है। भाजपा में लंबे समय से काम करने वालों को मौका मिलेगा या इसमें भी जाति व क्षेत्र को ध्यान में रखकर पद मिलेगा, आने वाला समय ही बताएगा।

# नगरीय क्षेत्र के बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री धड़ल्ले से जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



- स्वच्छता रैंकिंग के लिए इस बार पालीथिन प्रतिबंध पर भी होगा फोकस

प्लास्टिक की बिक्री कांकेर नगर के अलावा अन्य नगरीय क्षेंत्र में धड़ल्ले से चल रही है, जो नगर पालिका एवं नगर पंचायत को अब महंगी पड़ने वाली है क्योंकि इस साल स्वच्छता रैंकिंग में इस बार सिर्फ कचरा उठाने, अस्थायी स्पॉट कम करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पालीथिन प्रतिबंध पर भी फोकस रहेगा।

जानकारी के अनुसार अक्टूबर 2022 से एक बार यूज होने वाले प्लास्टिक निर्मित डिस्पोजल, चम्मच, कैरी बैग सहित अन्य सामग्रियों के निर्माण और उसकी बिक्री पर शासन ने पूर्णतः रोक लगा दी है। जिसके बाद प्रशासन की सख्ती के चलते कुछ दिनों तक इसकी बिक्री और उपयोग पर लगाम लगी। प्रशासन की कार्रवाई जैसे ही ढीली पड़ी, वैसे इसकी बिक्री अब फिर से जोरों पर है। मालूम हो कि सिंगल यूज प्लास्टिक में प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास, चम्मच और कैरी बैग का कारोबार मुख्यालय सहित जिले में धड़ल्ले से चल रहा है। जिस पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी पालिका को दी गयी है पर पालिका ▸▸ शेष पेज 12 पर

### अच्छी रैंकिंग लाना चुनौतीपूर्ण

जानकारी के अनुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 शुरू हो गया है। शहर में स्वच्छता को लेकर टीम कभी भी निरीक्षण के लिए आ सकती है। इस बार साफ-सफाई के अलावा पॉलीथिन पर कार्रवाई, अवैध लगे प्लैक्स, कचरा उठाना व ट्रेंचिंग ग्राउंड मं छटनी करना आदि पर टीम अधिक देने वाली है। शहर के मुख्य मार्ग सहित पॉलीथिन का कचरा गली मोहल्लो में नालियों में जमा है, इसकी निरंतर सफाई नहीं हो पा रही है। ऐसे में स्वच्छता रैंकिंग को अच्छा बनाना पालिका के लिए चुनौतीपूर्ण होगा।

## मनरेगा मजदूरी में 18 रुपए की वृद्धि, अब से मिलेंगे 261 रुपए

**कांकेर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत काम करने वाले श्रमिकों की मजदूरी में 18 रुपएं की बढ़ोतरी की गई है। अब मजदूरों को 243 रुपए की जगह 261 रुपए प्रतिदिन मिलेंगे। यह नई दर 1 अप्रैल से लागू होगी। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि भारत सरकार ने मनरेगा अधिनियम 2005 की धारा 6 की उपधारा (1) के तहत यह संशोधन किया है। इस संशोधन के तहत मनरेगा के अकुशल श्रमिकों के लिए 1 अप्रैल से नई मजदूरी दर 261 रुपए तय की गई है। इस संबंध में पंचायतों और निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि नई मजदूरी दर की जानकारी श्रमिकों तक पहुंचाई जाए। योजना की शुरुआत से अब तक मजदूरी दरों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। 1 दिसंबर 2006 को मजदूरी 62.63 रुपए थी, जो 19 वर्षों में चार गुना बढ़ी है। मजदूरी की राशि अब आधार आधारित प्रणाली से सीधे श्रमिकों के आधार लिंक बैंक खाते में आएगी। इससे ▸▸ शेष पेज 12 पर



## शिक्षक को टक्कर मार एक्टिवा सवार फरार, राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल

**कांकेर।** शहर के मेन रोड थाना के पास पैदल चल रहें युवक को एक्टिवा वाहन सवार चालक ने पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ने जब एक्टिवा वाहन के चालक को अस्पताल तक ले जाने की बात कही, तो वह बहाना बनाते हुए वहां से फरार हो गया। मौजूद राहगीरो ने घायल को अस्पताल तक पहुंचा। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे धमतरी जिला के अर्जुनी थानांतर्गत ग्राम लोहरसी निवासी 32 वर्षीय प्रदीप कुमार गंजीर पिता अरूण कुमार गंजीर ने पुलिस को बताया कि कृषि महाविद्यालय सिंगारभाट में अतिथि शिक्षक के पद पर कार्यरत हूं और 31 मार्च को अपने विभागीय कार्य से पुराना बस स्टैण्ड कांकेर आया था। कुछ काम से मेन रोड से एक दुकान से सामान लेने पैदल जा रहा था कि दोपहर करीबन साढ़े तीन बजे थाना के पास पीछे से आ रही अज्ञात सफेद रंग का एक्टिवा ▸▸ शेष पेज 12 पर









# काम को लेकर हुआ विवाद फिर डंडे से मारपाटी, काउंटर केस हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

बड़गांव थानांतर्गत हामतवाही में दो पक्षों के बीच काम करने की बात को

- जेसीबी से काम करते समय दो पक्षों में हुआ जमकर विवाद फिर मारपीट

लेकर जमकर विवाद हो गया। विवाद धीरे-धीरे मारपीट में बदल गया व दोनो पक्ष ने एक दूसरे के ऊपर जमकर डंडे चलाए। घटना के बाद दोनो पक्ष थाना पहुंचे और एक



दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। पुलिस ने दोनो पक्षों की बात सुन काऊंटर केस दर्ज किया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे हरियाणा मेवाड़ जिला के ग्राम बलाई निवासी हाल निवास दुर्गूकोंदल 33 वर्षीय नूर मोहम्मद पिता सुभान खान ने पुलिस को बताया कि 2 अप्रैल की सुबह 6 बजें जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूई 6952 से हामतवाही निवासी परमेश नरेटी के घर बगल में काम कर रहा था। करीबन साढ़े 9 बजे आरोपी नयाज मोहम्मद उर्फ राजू और दीन मोहम्मद उर्फ दीनू मेरे पास आकर बोला कि तुम यहां पर कैसे काम कर रहे हो, परमेश नरेटी के द्वारा हम लोगों को काम करने बोला है, तुम यहां पर काम मत करो, चले जाओ । मैंने बोला कि मुझे काम करने के लिए कहा है, तो मैं ही काम करूंगा, दोनो लोग आक्रोशित होकर कहने लगे ▸▸ शेष पेज 12 पर

## पद्म पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन

**कांकेर।** गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरूस्कार 2026 के लिए ऑनलाईन नामांकन शुरू हो गया है। पद्म पुरूस्कारों के लिए 31 जुलाई तक नामांकन किया जा सकेगा। पद्म पुरूस्कार के लिए आवेदन राष्ट्रीय पुरूस्कार पोर्टल awards.gov.in पर प्राप्त किया जाएगा। पद्म पुरूस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान में शामिल है। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरूस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिसपर के अवसर पर की जाती है। पद्म पुरूस्कार के तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री सम्मान से नवाजा जाता है।

## विधायक आशाराम नेताम का प्रयास रंग लाया

# नरहरपुर-चनार सड़क चौड़ीकरण के लिए चालीस करोड़ रुपए मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

विधायक आशाराम नेताम के प्रयास से नरहरपुर विकासखंड के लगभग चार दर्जन गाँव के लोगों की बहुत

- भैंसमुंडी से झलियामारी सड़क के लिए 4 करोड़ 90 लाख की मिली स्वीकृति

पुरानी माँग को पूरा करवाने में कामयाब रहे। नरहरपुर से चनार तक की सड़क के चौड़ीकरण के लिए 40 करोड़ और भैंसमुंडी से झलियामारी सड़क को बनाने के लिए 4 करोड़ 90 लाख रूपएं स्वीकृत कराने में विधायक कामयाब रहे। इस क्षेत्र के लोगों की यह बहुत पुरानी माँग है। नरहरपुर से चनार तक की सड़क के चौड़ीकरण नहीं होने से प्रतिदिन हादसा होता था, इससे अब राहत मिल जाएगी। प्रदेश की रमन सरकार ने अपने 15 साल के कार्यकाल में जिला मुख्यालय से विकासखंड मुख्यालय की सड़को को सिंगल रोड से डबल रोड बनाने का प्रयास चरणबद्ध ढंग से शुरू किया था। कांकेर से नरहरपुर मार्ग को प्रथम चरण में चनार तक चौड़ीकरण किया गया था, उसके बाद कांग्रेस की सरकार आई। इस सड़क के चौड़ीकरण के कार्य को भूल गई। कांग्रेस सरकार ने आमजनता को गौठान तक सीमित कर दिया, उससे ज्यादा उबर नहीं पाएं। नरहरपुर से चनार सड़क का चौड़ीकरण नहीं होने से रोज हादसे होते थे और हादसों के बाद आंदोलन होता था। नरहरपुर भाजपा मंडल ने सड़क के चौड़ीकरण को लेकर पदयात्रा करके कांग्रेस सरकार और कांग्रेस विधायक को याद कराया, उसके ▸▸ शेष पेज 12 पर



कांग्रेस के कार्यकाल में सड़क के लिए किया था पदयात्रा



चौड़ीकरण की मांग पर भाजपा ने की पदयात्रा और दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि में 5 जनवरी 2024 को प्रकाशित खबर

### कांग्रेस सरकार ने नहीं दिया था ध्यान

विधायक आशाराम नेताम ने इस विषय पर कहा कि चनार से नरहरपुर तक की सड़क के चौड़ीकरण के लिए भाजपाईयों ने पदयात्रा किया था, उसके बाद भी कांग्रेस सरकार और कांग्रेसी विधायक व नेताओं के कान में जूँ तक नहीं रेंगा था। इस बड़ी समस्या को लेकर मैं पहले दिन से गंभीर था और उसी का परिणाम रहा कि इस बजट में जुनवानी से नरहरपुर तक की सड़क के चौड़ीकरण के लिए 40 करोड़ 22 लाख और भैंसमुंडी से झलियामारी सड़क के लिए 4 करोड़ 90 लाख स्वीकृत हो गया और विभाग तकनीकि स्वीकृति लेकर जल्द ही निविदा लगाएगी और सड़क चोड़ीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### संपत्ति कर, दुकान किराया और जल शुल्क जमा करने की अवधि बढ़ी




**कोण्डागांव।** नगर पालिका प्रशासन ने संपत्ति कर, दुकान किराया और जल शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल 2025 कर दी है। लोकसभा चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस संबंध में शासन द्वारा आधिकारिक सर्कुलर भी जारी किया गया है। नगर पालिका ने अब तक 5.05 करोड़ रुपये में से 4.37 करोड़ रुपये की वसूली कर ली है, लेकिन अभी भी 68 लाख रुपये बकाया हैं। प्रशासन लगातार बकायादारों से संपर्क कर उन्हें समय सीमा के भीतर कर चुकाने की अपील कर रहा है। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि 30 अप्रैल 2025 के बाद बकाया राशि पर 6.25 प्रतिशत का ब्याज लगाया जाएगा। इसके अलावा, लगभग आठ दुकानों की लीज निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा रही है। जिससे किरायेदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### दिगम्बर जैन संत मुनिश्री का नगर आगमन आज

**जगदलपुर।** आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य दिगम्बर जैन संत मुनिश्री 108 आगम सागर, मुनिश्री पुनीत सागर, ऐलक धैर्य सागर एवं ऐलक स्वागत सागर जगदलपुर प्रवास पर आ रहे हैं। शुक्रवार को मुनिश्री महाराणा प्रताप चौक लालबाग से नगर प्रवेश करेंगे। शाम 4 बजे लालबाग स्थित आचार्य विद्या सागर कीर्ति स्तम्भ स्थल पर मुनि संघ की भव्य आगवानी का कार्यक्रम रखा गया है। दिगम्बर जैन संत न केवल जैन समाज किन्तु समस्त मानवता की धरोहर हैं।

# शिवाजी महाराज ने स्वराज की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया

**कोंडागांव में पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाई छत्रपति की पुण्यतिथि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की भावना को हर भारतीय में किया जागृत

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव की ओर से आज छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत जयघोष के साथ हुई, जहां उपस्थित लोगों ने हिंदू सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की जय और भारत माता की जय के नारे लगाए। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने इस दौरान शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सदैव गरीबों और ज़रूरतमंदों की सेवा की और स्वराज की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

उन्होंने बताया कि भारत में हर साल 3 अप्रैल को उनकी पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाती है। जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि उन्होंने स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की भावना को हर भारतीय के हृदय में प्रज्वलित किया। उनकी पुण्यतिथि पर हम सब उन्हें नमन करते हैं और उनके विचारों से प्रेरणा लेते हैं।




#### शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

र्यक्रम में परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, तथा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक–युवतियों ने भाग लिया। सभी ने शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**आयोजन:** शहीद परिवार और भूतपूर्व सैनिकों ने कराया कार्यक्रम

# शहीद आरक्षक रामदास कोर्राम की प्रतिमा का अनावरण, वीरता को किया गया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- शहादत हम लोगों के लिए हमेशा रहेगा प्रेरणादायक: एसपी

नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान रामदास कोर्राम की स्मृति में आज ग्राम बनजुगानी में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह कार्यक्रम शहीद परिवार और भूतपूर्व सैनिकों के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने अपने उद्बोधन में शहीद जवान की वीरता और अदम्य साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहीद रामदास कोर्राम ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहूति दी, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने शहीद परिवार से मिलकर आश्वासन दिया कि यदि उन्हें पुलिस से संबंधित कोई भी सहायता की आवश्यकता हो, तो वे तत्काल संपर्क करें।





#### भव्य आयोजन में सैकड़ों लोग हुए शामिल

इस मौके पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव रूपेश कुमार, थाना प्रभारी कोंडागांव सौरभ उपाध्याय, प्रआर पन्नालाल देहारी, नरेंद्र देहारी, आर. बुधसन कुलदीप, जीएस योगेश साहू समेत अन्य पुलिसकर्मी, भूतपूर्व सैनिक, ग्राम सरपंच और बन जुगानी के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 400 लोगों ने भाग लेकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी वीरता को नमन किया।

#### कर्तव्य पथ पर बलिदान

शहीद रामदास कोर्राम वर्ष 2011 में पुलिस विभाग में आरक्षक के रूप में भर्ती हुए थे। एसटीएफ बघेरा, जिला दुर्ग में अपनी सेवाएं दे रहे थे। 3 अप्रैल 2021 को कर्तव्य निर्वहन के दौरान एक नक्सली मुठभेड़ में उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। शहीद परिवार, ग्रामवासियों और भूतपूर्व सैनिकों के इस आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों की स्मृति सदा जीवंत रहेगी।

# बोर्ड परीक्षा में चल रही खुलेआम नकल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के बकावंड ब्लाक में खुलेआम छात्रों से नकल करवाया जा रहा है। कोई छात्र गाइड लेकर बैठा है, तो कोई मोबाइल से उत्तर उतार रहा है। खुद शिक्षक परीक्षा कक्ष में खड़े होकर उन्हें उत्तर बता रहे है। बकावण्ड ब्लाक के कोरटा प्राथमिक शाला और नलपाउंड प्राथमिक स्कूल के कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा में विज्ञान विषय का पेपर चल रहा था। इस दौरान कैमरे में खुलेआम नकल की तस्वीर कैद हुई है। आनन फानन में कैमरे देख शिक्षक हड़बड़ा गये और पूछने पर कोई उचित जवाब दे नहीं पाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही है। 5 वीं और 8 वीं बोर्ड परीक्षा इस साल से सरकारी स्कूलों में हो रही है। वहीं 10वीं और 12वीं की परीक्षा भी मार्च महीने में हुई। बस्तर जिले में नीचे गिरते रिजल्ट को देखते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि जिस स्कूल का भी परिणाम कम होगा वहां के शिक्षकों पर कार्रवाई होगी। इसी डर के चलते इस बार बोर्ड परीक्षाओं में कड़ाई नहीं बरती जा रही है। स्कूलों में नकल की भी शिकायतें आ रही हैं। इसके अलावा उड़नदस्ता टीम ने इन परीक्षाओं में कहीं भी नकल के प्रकरण नहीं बनाए हैं।

#### बीईओ को नोटिस, जांच के निर्देश

*नकल प्रकरण को काफी गम्भीरता से लिया गया है। इस मामले में खंड शिक्षाधिकारी बकावंड को नोटिस दी गई है। उन्हें इस प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए है। दोषी पाए जाने वाले शिक्षकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

***बलीराम बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी***

# किसान से लाखों की लूटी, एक आरोपी यूपी से गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- आरोपियों की नीयत बदली और किसान से रुपए लूट कर फरार हो गए



खेत मरम्मत करने के नाम पर जेसीबी वाहन चालको ने पैसा का मांग किया। जब किसान पैसे निकालने के लिए बैंक गया और वहा से पैसा निकालकर घर आ रहा था तभी आरोपियों ने उससे पैसा छिन लिया और फरार हो गया। लूट की शिकायत भानुप्रतापपुर थाना में किया गया। पुलिस ने लूटपाट करने वाले एक आरोपी को यूपी से गिरफ्तार कर जेला दाखिल किया।

भानुप्रतापपुर थाना में 24 फरवरी को शिकायत करने पहुंचे 64 वर्षीय चिंताराम मरकाम पिता कानसाय मरकाम ने पुलिस को बताया था कि ग्राम झलेयामारी में अपने खेत का मरम्मत जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएम 9568 के माध्यम से कर रहा था। जेसीबी को किराए पर चलाने वाले अपना पता मध्यप्रदेश भोपाल का होना बताए। जेसीबी चलाने वालो ने एडवांस में 32 हजार 500 रूपए लिया और 24 फरवरी को दो एजेंट में आकर बताएं की खेत मरम्मत के लिए और पैसा लगेगा। दोनों एजेंट के साथ एक ही मोटर साइकल में बैठकर एसबीआई बैंक भानुप्रतापपुर गए। बैंक से 7 लाख रुपए निकला और दोनो एजेंट के मोटर सायकल में बैठकर कांकेर रोड बसंत नगर गार्डन के पास आए। वहीं पर गाड़ी रोक कर एजेंट द्वारा हमारे साहब को पैसा देना है बोलकर हाथ से 7 लाख रुपए को छीनकर एवं डरा-धमका कर गाड़ी में बैठाकर दल्ली रोड ग्राम चौगेल नया पुलिया के पास छोड़कर पैसा को लेकर भाग गए। भानुप्रतापपुर थाना में अपराध क्रमांक 36/2025 धारा 309 (2), 351 (2) बीएनएस के तहम मामला दर्ज कर विवेचना कार्यवाही में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशन व मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख द्वारा गठित टीम गठीत कर उत्तर प्रदेश मेरठ भेजा गया। साइबर सेल कांकेर के माध्यम से आरोपियों की पता तलाश कर मामले में एक आरोपी उत्तर प्रदेश के जिला बुलंदशहर थाना नरोरा अंतर्गत गोपालपुरी जयरामपुर निवासी 44 वर्षीय शमसाद खान पिता सोनपाल खान को घेराबंदी कर पकड़ गया। पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करने से आज 3 अप्रैल को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर, उप निरीक्षक अनिल पालेश्वर, सहायक उप निरीक्षक कैलाश पांडे, आरक्षक प्रणय यादव, छोटेलाल गुरुवर का विशेष योगदान रहा।

# पेयजल संबंधी समस्या के समाधान के लिए किए गए अफसर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- जिला व जनपद स्तर पर बनाए गए नोडल अधिकारी
- टोल फ्री नंबर पर भी कर सकते हैं शिकायत

जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने और इस संबंध में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही पेयजल समस्या के समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा जानकारी दी गई है कि उक्त टोल फ्री नम्बर द्वारा सीधे विभाग से संपर्क कर पेयजल सम्बन्धी समस्या के बारे में अवगत कराया जा सकता है। वर्तमान में जिले के ग्रामीण इलाकों में मरम्मत योग्य हैण्डपम्पों का लगातार सुधार कार्य किया जा रहा है।

#### प्रभारी अधिकारियों के मोबाइल नंबर पर कर सकते हैं संपर्क

*जिले में पेयजल व्यवस्था बनाये रखने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड कोण्डागांव द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला स्तर पर प्रभारी अधिकारी पी. एन. तालुकदार, हैण्डपंप तकनीशियन कोण्डागांव जनपद स्तर पर अजय कुमार टोप्पो, उप अभियंता माकड़ी जनपद के लिए सी.एस. सोनवानी उप अभियंता फरसगांव जनपद स्तर पर आर.पी. जोशी, उप अभियंता केशकाल जनपद स्तर पर किशोर कुमार कोल्हे सहायक अभियंता को नियुक्त किया गया है। बड़ेराजपुर जनपद स्तर पर कु. निभा कोर्राम, उप अभियंता को दायित्व सौंपा गया है। जिले के किसी भी गांव में पेयजल की समस्या होने पर अथवा हैंडपंप खराब हो जाने पर इसकी शिकायत जिला स्तर या संबंधित जनपद स्तर के प्रभारी अधिकारियों के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।*

# दुर्गूकोंदल में आंधी ली एवं बारिश हुई मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट जारी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल मुख्यालय सहित पूरे अंचल में कहीं हल्की बूंदाबांदी, कहीं तेज आंधी के साथ बारिश हुई। बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात के कारण जिले में पिछले दो दिनों से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। गुरुवार दोपहर आकाश में गरज-चमक के साथ बादल छा गए व करीब एक घंटे तक आंधी के साथ बारिश हुई। कुछ इलाकों में तेज बारिश तो कही हल्की बौछारें पड़ीं। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार आज और कल भी इसी तरह का मौसम रहेगा। गरज-चमक के साथ तेज आंधी और बारिश की संभावना है। हवाओं की गति 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। गुरुवार की सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे व आकाशीय बिजली गिरने का भी खतरा बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार यह स्थिति शुक्रवार तक बनी रह सकती है और बारिश होने से गर्मी से लोगों को राहत मिली भी मिलेगी।

## पेज 11 के शेष

### शालिनी को समाज...

की योजनाओं का लाभ अंतिम से अंतिम व्यक्ति को मिले। छग मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मनोनीति हुए भरत मटियारा ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि मुझे इस पद पर दुबारा मौका मिला है, इस विभाग की कार्यशैली की जानकारी मुझे है। मेरा प्रयास होगा कि इस विभाग की योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर गांव के अंतिम व्यक्ति को मिले। सरकार और संगठन के द्वारा जो निर्देश मिलेगा, उन कार्यो को पूरा करना ही मेरा लक्ष्य है।

### नगरीय क्षेत्र के...

प्रशासन छोटे फल और सब्जी व्यापारियों पर कभी-कभी कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर लेता है, लेकिन पालिका द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई न करना हो महंगा पड़ने वाला है।

### मनरेगा मजदूरी में...

श्रमिकों को भुगतान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। मजदूर देश के किसी भी कोने में ग्राहक सेवा केंद्र से आधार के माध्यम से अपनी मजदूरी की राशि निकाल सकेंगे।

### शिक्षक को टक्कर...

वाहन के चालक ने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मुझे पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मेरे दाहिने हाथ व दाहिना पैर में गंभीर चोंट आया। आरोपी वाहन चालक को अस्पताल चलो कहने पर कहने लगा कि आ रहा हूं, परंतु घटना स्थल से फरार हो गया। आसपास में मौजूद लोगो ने मुझे ईलाज के लिए कांकेर अस्पताल लेकर गए। अज्ञात सफेद रंग का एक्टिवा वाहन के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से मुझे गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### काम को लेकर...

कि हमारी बात नहीं मानते हो बोलकर गाली देने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी के डंडा से मारपीट किए। घटना के बारे में मेरे भतीजा साहिल को फोन कर बताया, वह तुरंत मौके पर पहुंचा। कुछ देर बाद आरोपी राजू, दीनू, अंसार, असान मोहम्मद, अटा मोहम्मद व अन्य लोगों के द्वारा एक राय होकर मुझे व मेरे भतीजा साहिल को गाली देने लगे। जान से मारने की धमकी दिए और डंडा से मारपीट किए। जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूई 6952 के खिड़की और दरवाजा को तोड़ फोड़ किए। मारपीट करने से साहिल को चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 191 (2), 296, 324 (3), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। दूसरे पक्ष से बड़गांव थानांतर्गत निवासी 38 वर्षीय दीन मोहम्मद पिता मोहम्मद खान ने पुलिस को बताया कि 2 अप्रैल को सुबह 9 बजें ग्राम हामतवाही निवासी परमेश नरेटी घर बगल में मिट्टी डालने का काम कर रहा था। करीबन साढ़े 9 बजें जेसीबी से काम कर रहा था, उसी दौरान आरोपी नूर मोहम्मद, हसन मोहम्मद, सैकूल खान और मजलिस खान मेरे पास आकर बोले कि तुम यहां पर कैसे काम कर हो, काम करने के लिए हम लोगों को बोले है, तुम यहां पर काम मत करो चले जाओ बोलने लगा। मैं बोला कि मुझे काम करने के लिए कहा है, मैं ही काम करूंगा। मेरे बात को सुनकर वे लोग आक्रोशित होकर कहने लगे कि मेरी बात नहीं मानते हो कहते हुए गाली देने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए डंडा से मारपीट करने लगे। मारपीट करने से मुझे, अंसार मोहम्मद, अटा मोहम्मद और नियाज मोहम्मद को चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

### नरहरपुर-चनार सड़क...


बाद भी कांग्रेस सरकार ने नरहरपुरवासियों को पांच साल तक ठगा। कांग्रेस सरकार आमजनता से जुड़ी समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं थी और उसी का परिणाम रहा कि एक कार्यकाल के बाद आमजनता ने उनको कुर्सी से उतार दिया। कांकेर के विधायक बने आशाराम नेताम इस सड़क को स्वीकृत कराने के लिए शुरू से लगे रहे और इस बजट में इस सड़क के चौड़ीकरण के लिए 40 करोड़ की राशि को स्वीकृत कराने में कामयाब रहे। इसके अलावा भैंसमुंडी और झलियामारी गाँव के लोग इस सड़क को बनाने की माँग चुनाव लड़ने के दौरान आशाराम नेताम से किया था, उन्होने गाँव के लोगों की भावनाओं को देखते हुए इस सड़क के लिए 4 करोड़ की राशि स्वीकृत कराने में कामयाब रहे। लोक निर्माण विभाग इन दोनो सड़को की तकनीकि स्वीकृति लेकर जल्द से जल्द निविदा लगाकर सड़क बनाने का कार्य शुरू कर देगी और आमजनता की पुरानी माँग भी पूरी हो जाएगी।

**प्रधानमंत्री आवास योजना लोगों के लिए बन रही वरदान**

# महेन्द्र के परिवार को मिला सुरक्षित आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





कई जरूरतमंद परिवारों का सपना होता है कि उनका अपना पक्का मकान हो लेकिन आर्थिक कठिनाइयों के कारण हर कोई इस सपने को साकार नहीं कर पाता। ऐसे परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना किसी वरदान से कम नहीं है। जिले के कई गरीब परिवारों के इस सपने को यह योजना साकार कर रही है। ऐसे ही हितग्राही ग्राम पीपरा निवासी महेन्द्र पटेल है जो आज अपने परिवार के साथ पक्के मकान में सुखद जीवन यापन कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी व केशकाल विकासखण्ड मुख्यालय से 12 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत पीपरा के हितग्राही महेन्द्र पटेल सब्जी बेचकर अपने परिवार का जीवनयापन कर रहा था। रोज सुबह वह बाजार में सब्जी बेच कर कुछ रुपये कमाते हैं। जिसे बच्चों की पढ़ाई के खर्चों में और दैनिक जरूरतों को पूरा करने में लगते हैं। कच्चे मकान में रहते हुए उनकी पत्नी और बच्चों के मन में हमेशा खुद का पक्का घर होने की ख्वाहिश उमड़ती रहती थी। जो घर था वह मिट्टी के कच्चे दीवारों एवं खपरैल छत का बना पुराना सा था उसकी भी स्थिति ऐसी थी कि बारिश के दिनों में उस घर में रहना दूभर हो जाता था। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे पक्के आवास के सपने को सच करने में खुद सक्षम नहीं था। महेंद्र ने प्रधानमंत्री आवास योजना योजना के बारे में जानकारी मिलने पर आवेदन करने का फैसला किया। उसे उम्मीद थी कि शायद यह योजना उसके परिवार की जिंदगी बदल देगी। ग्राम पंचायत पीपरा के महेन्द्र को इस योजना में अपना नाम पाकर और उसके नाम से प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहा। योजना अंतर्गत उन्हें सरकार की ओर से कुल राशि 1 लाख 20 हजार रुपए व महात्मा गांधी रोजगार गारन्टी अधिनियम के तहत 90 दिवस का मेहनताना मिला, जिससे वह अपने परिवार के लिए एक छोटा सा पक्का मकान बनाया। अब उसके पास एक पक्का घर है, जहां वह अपने परिवार के साथ खुद को सुरक्षित व सहज महसूस करता है।

#### आवास के साथ कई योजनाओं का मिला लाभ

*प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलने से महेंद्र की जिंदगी में एक बड़ा बदलाव आया। अब उसे बारिश के मौसम में पानी टपकने की चिंता नहीं करनी पड़ती, अब उसके पास एक सुरक्षित और मजबूत जगह है, जहां वह अपने परिवार के साथ रह सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ मिलते ही उन्हें स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण व महात्मा गांधी रोजगार गारन्टी अधिनियम के तहत शौचालय का लाभ मिला। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिला, जिससे रसोई घर धुएं से मुक्त हुआ। इसके साथ ही सौभाग्य–प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना के तहत बिजली के एकल बत्ती कनेक्शन का लाभ मिला। इस प्रकार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने से महेंद्र का जीवन पहले से बेहतर हुआ है। वे सपरिवार सुकून के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। पक्का आवास मिलने पर खुशी जताते हुए महेन्द्र और उसके परिवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया।*

## खबर संक्षेप

### पुत्रियों ने पिता का पार्थिव देह एनाटॉमी विभाग को सौंपा



**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा नंबर 3 में रहने वाले ने अपनी अंतिम इच्छा बताते हुए अपने बेटियों से कहा था कि अगर मेरी आत्मा को शांति देना चाहते हो तो मेरे शव को मेकाज के छात्रों को सौंप देना, जिससे मेरा पार्थिव देह से सीखने को बहुत कुछ मिलेगा। उक्त बातें सांतरा परिवार के सुगंधा, सृष्टि एवं पलाश ने बुधवार को अपने पिता के पार्थिव शरीर को एनाटॉमी विभाग को सौंपने से पहले कही। बताया जा रहा है कि धरमपुरा नंबर 3 में रहने वाले सुपर्ण सांतरा अपने घर में एक आटा चक्की चलाने का काम करते थे, इसी चक्की से अपने दोनों बेटी व बेटे की पढ़ाई करवाए थे। पुत्री सुगंधा, सृष्टि एवं पलाश ने बताया कि मंगलवार को पिता सुपर्ण की इलाज के दौरान विशाखापत्तनम में निधन हो गया। निधन के बाद बुधवार की सुबह परिजन जगदलपुर पहुंचे, मेकाज के डॉक्टरों से चर्चा करने के बाद पूरे सम्मान के साथ पिता के शव को मेकाज को सौंपा दिया गया।

### बचेली, बैलाडीला मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य शुरू



**बचेली।** बचेली से किरंदुल तक का मुख्य मार्ग के निर्माण कार्य शुरू होने से बचेली के जनता में हर्ष की लहर दौड़ गयी हैं। कुछ दिनों पहले, लोग गड्ढों में सड़क ढूंढ़ने का प्रयास करते रहे हैं, मिनटों का सफर घंटो में पूरा हो रहा था।
सड़क में गड्ढा है या गड्ढा में सड़क पता ही नहीं चल रहा था। वाहन का पहिया एक गड्ढा बचाने के चक्कर में दूसरे गड्ढे में चला जा रहा था। जिला मुख्यालय से बैलाडीला तक मार्ग निर्माण एजेंसी द्वारा इतनी धीमी गति से किया जा रहा था की पता नहीं कब बचेली बैलाडीला का मार्ग बनेगा। अब कार्य शुरू होने से नगर वासियों ने राहत की सांस तो ली हैं। पर पता नहीं कार्य कब पूरा होगा। खदान क्षेत्र होने के कारण बचेली से बैलाडीला। बैलाडीला से बचेली कई कर्मचारियों का प्रतिदिन आना जाना रहता है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र से मजदूरी करने आने वाले लोगों को भी इस टूटी फूटी सड़क को प्रतिदिन झेलना पड़ रहा था और बचते बचाते मजदूरी करके अपने घर जाना पड़ रहा था। प्रतिदिन हजारों टन लौह अस्यक का परिवहन भी इसी सड़क मार्ग से 14 चक्का, 12 चक्का ट्रको दवारा किया जाता है, लेकिन सड़क निर्माण की धीमी गति से राहगिरों को बहुत तकलीफों का सामना प्रतिदिन करना पड़ रहा था। निर्माण कार्य शुरू होने से सभी ने राहत की सांस तो ली हैं पर निर्माण कार्य और भारी वाहनों के चलने से उड़ने वाली धुल से सभी राहगीर बहुत परेशान हैं।

### हड़ताल से पंचायतों में कामकाज ठप



**जगदलपुर।** प्रदेश सरकार से नाराज पंचायत सचिवों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अभी-अभी पंचायत चुनाव सम्पन्न हुआ है और नवनिर्वाचित पंच, सरपंच हड़ताल के चलते काम शुरू नहीं कर पाए हैं। ऐसी स्थिति में सरपंच खुद धरना स्थल पहुंचकर समर्थन दे रहे हैं। हड़ताल मांग पूरी होने तक जारी रहने की बात सचिव कह रहे है।

## उप मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत...



**दंतेवाड़ा।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हेलीपेड में आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि और डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एडिशनल एसपी आरके बर्मन तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया।

# संगम दरगाह मार्ग के लिए विधायक के प्रयास से शासन से मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



मुस्लिम समाज के द्वारा कई वर्षों से संगम दरगाह पहुंच मार्ग के उन्नतीकरण एवं निर्माण कार्य की मांग की जा रही थी। मार्ग खराब होने से सालाना उर्स एवं अन्य कार्यक्रमों में जाने के लिए काफी परेशानी होती थी। उक्त मार्ग को बनाने के लिए मुस्लिम समाज ने विधायक किरण सिंह देव से मांग की थी। उन्होंने आश्वासन दिया और स्वीकृति के लिए शासन को भेजा था। संगम दरगाह मार्ग के 0.85 किमी निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति छग शासन लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा प्रदान की गई।

उक्त कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर विधायक किरण सिंह देव का मुस्लिम समाज की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष व सदस्य एवं मुस्लिम समाज ने आभार व्यक्त किया है। उनका सम्मान किया गया गया। मुस्लिम समाज के कार्यकारी अध्यक्ष व सदर (एडहॉक कमेटी) हाजी डॉ. एस. जहीरूद्दीन ने उनसे गुजारिश की भविष्य में भी इसी तरह आपका सहयोग समाज को प्राप्त होता रहेगा। आपके सहयोग के लिए मुस्लिम समाज तहे दिल से आपका आभार प्रकट करती है। प्रतिनिधी मंडल में वरिष्ठ सदस्य इसराईल भारती, मो. आसिफ, शेख रियाज, इमरान बरबटिया, मो. नदीम, सैय्यद साजिद अली एवं शेख बाबा जमीर उपस्थित थे।

## मोदी की गारंटी पूरी नहीं होने से सचिव हड़ताल पर

# पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, सरपंच संघ ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

पंचायत सचिवों ने कहा है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का जो वादा किया था, उसे अब तक पूरा नहीं किया गया है।

इसी के चलते उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है, जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती। इस हड़ताल में सरपंच संघ ने भी अपना समर्थन दिया है। सरपंच संघ के सदस्यों ने

■ संघ अपनी मांगों को लेकर जोरदार आवाज उठाई है



पंचायत सचिवों के साथ एकजुटता दिखाते हुए कहा कि पंचायत सचिवों के बिना गांवों का विकास संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो यह आंदोलन और भी तेज किया जाएगा।जनपद पंचायत बस्तर के जनपद सदस्य हेमराज बघेल ने कहा केंद्र और राज्य सरकार ने जो वादा किया था, उसे निभाना चाहिए। हम सभी साथियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस आंदोलन को और मजबूत करने का निर्णय लिया है ताकि गांवों के विकास की दिशा में एक मजबूत आवाज उठाई जा सके।

हड़ताल के दौरान पंचायत सचिवों ने यह भी कहा कि वे अपने कर्तव्यों से विमुख नहीं हैं, लेकिन जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक वे काम नहीं करेंगे। उन्होंने अधिकारियों से अपील की है कि उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाए और शीघ्र समाधान किया जाए। इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण गांवों के विकास कार्य ठप पड़ गए हैं, जिससे ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है और सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

पंचायत सचिवों ने कहा कि यह आंदोलन केवल एक मांग नहीं, बल्कि पंचायत प्रणाली को मजबूत बनाने और ग्राम विकास को सुनिश्चित करने के लिए है। उन्होंने सरकार से यह भी कहा कि वे गांवों के विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं और उनके साथ खड़ा होना सरकार की जिम्मेदारी है।

# प्रफुल्ल विश्वकर्मा के अध्यक्ष बनने से समाज के लोगों में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के संरक्षक प्रफुल्ल विश्वकर्मा को लोह शिल्पकार बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले समाज के पदाधिकारी व सदस्य

अध्यक्ष किरण देव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद महेश कश्यप एवं सभी संभाग के विधायक, सांसद से सतत एवं सौजन्य भेंट कर समाज की प्रमुख मांगे रखी जाती थी। समाज के संरक्षक को लोह शिल्पकार बोर्ड अध्यक्ष के पद पर नियुक्त कर समाज का सम्मान को बढ़ाया गया है। संघ के संस्थापक अंबिका प्रसाद विश्वकर्मा, संरक्षक डॉ. मानिक लाल विश्वकर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राकेश विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पीआर विश्वकर्मा, प्रदेश महामंत्री अजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, रंजीत शर्मा, विजेंद्र



शर्मा, एसएन वर्मा, रमेश शर्मा, आरडी विश्वकर्मा, केएल विश्वकर्मा, संगठन मंत्री आनंद शर्मा, उमेश शर्मा, सुभाष पांचाल, मंत्री आरपी विश्वकर्मा, संयुक्त मंत्री नवल किशोर पांचाल, सुशील कुमार विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी महेंद्र विश्वकर्मा, सह कोषाध्यक्ष देवानंद शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, महिला प्रकोष्ठ से महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. सुचित्रा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष मीना विश्वकर्मा, प्रदेश महामंत्री शारदा पांचाल, कोषाध्यक्ष बिमला शर्मा, सुनीता ओझा, समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के संगठन, सभी सांसद, विधायक का आभार व्यक्त किया है।

## प्रकृति संरक्षण का संदेश देता चैतरई परब...





जगदलपुर। बस्तर के जनजाति समुदाय के लोग माटी त्यौहार के रूप में नववर्ष मनाते है। पूरे धूमधाम के साथ धरती माता को प्रकट करते हुए मनाया जाता है। ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि बस्तर के जनजाति समाज माटी तिहार धरती को भगवान मानकर पूजा करते हैं। जिसमें आम, महुआ, चार, तेंदू एवं जो माटी से मिलता है, उसे सबसे पहले माटी को समर्पित की जाती है। जनजाति समुदाय धरती के प्रति अपने ऋण चुकाने और माटी के सम्मान में उत्सव मनाते है। आज बढ़ती जनसंख्या, अंधाधुन पेड़ों की कटाई, धरती से प्राप्त संसाधनों का दोहन हो रहा है, जिससे पृथ्वी में समस्याएं बढ़ रही है। उन्होंने कहा विवाह संस्कार, संस्कृति-रीति रिवाज, नृत्य-गीत-संगीत के माध्यम से जनजाति समाज उत्सव मनाते है। नववर्ष से पूरे एक महीने चैत्र माह तक यह उत्सव चलता रहता है। इसे जनजाति समाज अपने-अपने सुविधा के अनुसार मनाते हैं।

# पंच परमेश्वर की तरह निष्पक्ष होकर जनता की सेवा करें : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल से आज क्षेत्र के पंच, सरपंचों ने मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। वहीं पानी, सड़क और अन्य समस्याओं के निराकरण में सहयोग मांगा। इस मौके पर विधायक ने कहा कि ग्राम विकास में पंच, सरपंचों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

■ नव निर्वाचित पंच, सरपंचों ने विधायक निवास पहुंच मुलाकात की

गांव के गरीब लोग उम्मीद लेकर आपके पास आते हैं। केन्द्र और राज्य सरकार की अनेक योजनाएं हैं, जिसमें गरीबों को उसका लाभ दिलाना है। सरकार की मंशा है कि गरीब परिवार ऊंचा उठे, जो सबसे नीचे दबा हुआ है, परेशान है, आर्थिक रूप से कमजोर है ऐसे लोगों को पहले मदद पहुंचाना आप लोगों की जवाबदारी है। उन्होंने कहा कि पंच परमेश्वर की तरह बिना भेदभाव के जो पात्र व्यक्ति है उसे पहले योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करे। चुनाव 5 साल में एक बार आता है।



पंचायती राज व्यवस्था इसलिए लागू की गई क्योंकि इसमें सबकी भागीदारी होती है।

महिलाएं घर के काम में ही व्यस्त रहती थीं, लेकिन जबसे पंचायती राज व्यवस्था लागू हुई है तब से महिलाएं सरपंच, जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष जो ग्रामीण क्षेत्र का सर्वोच्च पद है, वहां बैठकर निर्णय ले रही हैं और सीधे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही हैं। इस पद को आप लोग महत्व देकर ईमानदारी से काम करेंगे तो सबका भला होगा। पंच, सरपंच के साथ पहुंचे भाजपा नेता रैतूराम बघेल और नरेश खापर्डे ने विधायक के विचार को अपना कर ग्रामीणों का भला करने की बात कही है।

## ग्राम डुवा में 7 से दो दिन देव मेला

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के ग्राम डुवा का वार्षिक देव मेला 7 अप्रैल सोमवार को आयोजन किया जाएगा। ग्राम गायता मानुराम बोगा, पटेल मंगतूराम बोगा, मेसोराम बोगा, बालसिंह बोगा, रूपेश, लीकेश बोगा, मेहरराम बोगा, नारायण गावड़े, जैन सिंह ऊयके उपसरपंच, अशोक ऊइके, चिमनी पुरामें, लालचंद दुग्गा, मुरहा दुग्गा, चरण दुग्गा, ने बताया की मेला में आसपास के देवी-देवता डांग-डोली, गायता व पटेल शामिल होंगे एवं रात में सांकृतिक कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच हरेली ग्राम मड़ाईभाठा जिला धमतरी की प्रस्तुति आयोजित होगी।

## स्कूलों के संचालन के समय में परिवर्तित

**कांकेर।** लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश के परिपालन में प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए जिले की सभी शासकीय, अशासकीय स्कूलों शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सोमवार से शनिवार तक एक पाली में संचालित समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेण्डरी शालाएं प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक संचालित की जाएंगी। वहीं दो पॉलियों में संचालन होने वाली प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाएं प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक तथा हाई-हायर सेकेण्डरी शालाएं प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक संचालित की जाएंगी।



## खबर संक्षेप



### मंदिर में माइक व साउंड सिस्टम की भेंट

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम कोड़ेकुर्सी के बाजार चौक में स्थित शिव मंदिर समिति को शिव भक्त सहदेव बघेल के द्वारा माइक सेट व साउंड सिस्टम भेंट किया किया गया। मंदिर समिति को साउंड सिस्टम मिलने से धार्मिक कार्यक्रम के लिए समिति को सुविधा होगी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से हुई मौत, अपराध कायम



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत गोविंदपुर के ढलान के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति को गंभीर चोट आया था। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 22 दिसंबर को शाम 7 बजें गोविंदपुर ढलान के पास आरोपी ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 1 बीएस 8241 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मृतक त्रिभुवन को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था। एक्सीडेंट से मृतक को आई गंभीर चोट के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 124 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत हामतवाही निवासी 35 वर्षीय राजेश सलाम पिता लेड़गु का ईलाज के दौरान 17 मार्च को मौत हो गया। मिली जानकारी अनुसार मृतक को स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### बंजारी मंदिर में पंचमी पर रही भक्तों का भीड़

**दुर्गूकोंदल।** हाहालद्दी स्थित आदिशक्ति बंजारी माता मंदिर में पंचमी पर्व पर माता कि पूजा सुबह 4 बजे से शुरू हो गया। भक्त लगातार मंदिर में आते रहे। हाहालद्दी निवासी अनिल सिन्हा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी प्रसादी खीर का भंडारा का श्रद्धालुओं के लिए किया गया और शाम तक वितरण होता रहा। संगीत की धुन में भक्तिमयी माहौल ने माता के मंदिर की शोभा बढ़ा दिया था।

## मौसम : दिनभर छाए रहे बादल, पारा 3 डिग्री गिरकर 35 पर पहुंचा

# द्रोणिका एवं चक्रवात से छाए रहे बादल हुई बारिश, तापमान गिरा, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बुधवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहा। मंगलवार

■ गर्मी से थोड़ी राहत लेकिन उमस बरकरार

की तुलना में अधिकतम तापमान 3 डिग्री व न्यूनतम तापमान 2 डिग्री कम रहा। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। गुरूवार को दिनभर बादल छाए रहें और दोपहर में बारिश शुरू हो गई। लोगो को अभी भी उमस का सामना करना पड़ रहा है।

गुरूवार 3 अप्रैल को सुबह से बादल छाए रहें, बारिश होने का अंदेशा सुबह से लग रहा था। दोपहर करीबन 2 बजें मौसम में अचानक बदलाव आया और तेज हवाएं चलने लगी। हवाओं के साथ गरज-चमक होते ही बारिश शुरू हो गया। लगभग आधे घंटे तक बारिश के हुई, जिसके बाद देर शाम तक बूंदा-बांदी का शिलशिला चलता रहा। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवात व द्रोणिका दोनों सिस्टम सक्रिय है, जिसके प्रभाव से 5 अप्रैल तक कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। कुछ स्थानों में हल्की बारिश भी संभव है। इस दौरान अधिकांश समय तक बादल छाए रहने से गर्मी से राहत मिल सकती है, हालांकि उमस का सामना करना पड़ सकता है। विभाग के अनुसार बुधवार की तुलना में गुरुवार व शुक्रवार को अधिकतम तापमान एक डिग्री कम रहने, बादल छाए रहने सूर्य की तपिश का सामना नहीं करना पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभमध्य और ऊपरी क्षोभ मंडल में पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए 5.8 किलोमीटर पर 68 डिग्री पूर्व और 26 डिग्री उत्तर में स्थित है। इसके अलावा एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल और उसके आसपास स्थित है। यहां से एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

**कांकेर में सिस्टम का असर पड़ेगा**

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण छत्तीसगढ़ में कांकेर आता है। इस वजह से सिस्टम का प्रभाव पड़ने का अनुमान है। प्रदेश के कई स्थानों में 4 अप्रैल एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि होने, वज्रपात होने और अंधड़ चलने की संभावना है। प्रदेश के मध्य और दक्षिण भाग में यह गतिविधि होने की संभावना है। 5 अप्रैल को कांकेर जिले में बारिश हो सकती है। सिस्टम के प्रभाव से मौसम में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

## परिवारिक विवाद, दामाद ने ससुर पर पत्थर से किया हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना कांकेर अंतर्गत छोटेपारा ठेलकाबोड़ में आरोपी दामाद अपनी पत्नी को लेने आया। पत्नी के मना करने पर अपने बेटे को लेकर पैदल जाने लगा। ससुर अपने दामाद को मनाने के लिए पहुँचा, परंतु दामाद ने गुस्से में आकर ससुर पर हमला बोल दिया। ससुर की शिकायत पर दामाद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे छोटेपारा ठेलकाबोड़ निवासी 50 वर्षीय देव सिंह वट्टी पिता स्व. गोपाल वट्टी ने पुलिस को बताया कि मोटर वाईडिंग का काम करता हूं । मेरी छोटी लड़की अरूणा ग्राम सिगारभाट निवासी संदीप के साथ प्रेम विवाह किया है। कुछ दिनो पूर्व मेरा दामाद संदीप मेरी बेटी से मारपीट किया, जिसके कारण बेटी अरूणा 31 मार्च को अपने मायके छोटेपारा ठेलकाबोड़ आ गई थी है। मेरा दामाद संदीप मेरी बेटी और नाती को लेने के लिए 2 अप्रैल को शाम 6 बजें घर आया था, तब मेरी बेटी बोली कि आज मै आपके साथ नही जाऊंगी, कल जाऐंगे बोलने पर मेरा दामाद संदीप जो कि उस समय शराब के नशे में था, नाती को अपने साथ लेकर पैदल कोड़ेजुंगा चौक की ओर निकल गया। मुझे पता चलने पर मै भी कोड़ेजुंगा चौक की ओर गया। रास्ते मे मेरा दामाद संदीप और नाती मिला। दामाद को बोला कि कहां जा रहे हो, शाम हो रहा है। घर चलो बोलने पर आरोपी संदीप गुस्सा हो गया और गाली देने लगा और पास में पड़े पत्थर को उठाकर फेंककर मारा, जिससे मेरे सिर में चोट आया और खुन निकलने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### मोटरसायकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत मेन रोड पखांजुर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 7 मार्च को शाम 6 बजें आरोपी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 एसी 1370 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए विशाखा मिस्त्री को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ईलाज के लिए सीएचसी पखांजुर ले गए। चोट गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर करने पर रास्ते में उसकी मौत हो गई।

## कई गांवों में जल संरक्षण अभियान चलाया, जागरूक कर दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले के ग्राम मरमाकोनाड़ी, बेलोड़ा, काकबरस में जलजीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल, हर घर जल योजना के तहत जन जल जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को जल संरक्षण, जल प्रबंधन और स्वच्छ पेयजल की महत्ता से जागरूक करना है।

जिला समन्वयक ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में जल संरक्षण का महत्व, पानी की बर्बादी रोकने और सतत जल आपूर्ति बनाए रखने, वर्षा जल संचयन अंतर्गत बारिश के पानी को संचित करने के लिए गांव में छोटे जलाशय, तालाब और छत जल संचयन तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया। जल गुणवत्ता की निगरानी के तहत हर घर में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के लिए नियमित जल परीक्षण और जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया गया। ग्राम के सरपंच ने जल संरक्षण को प्राथमिकता देने और गांव के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। साथ ही, लोगों ने जल प्रबंधन से जुड़े अपने विचार और अनुभव भी साझा किया तथा जिला समन्वयक ने ग्रामीणों को शपथ भी दिलाई।



## साल्हेटोला में दो दिनी संत समागम 23 से, तैयारी शुरू

**बासनवाही।** विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम धनोरा साल्हेटोला में 23 व 24 अप्रैल को सत्य कबीर आश्रम स्कूल मैदान में दो दिवसीय संत समागम समारोह आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय संत समागम समारोह में भजन, कीर्तन, सत्संग, आनंदी चौंका, आरती सात्विक यज्ञ सम्पन्न होगा। जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल बुधवार को सुबह 8 बजे से बांधवगढ़ से आए मंहत हरिश पण्डा के एवं संत महंतों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित एवं निशान पूजा अर्चना कार्यक्रम की शुभारंभ किया जाएगा। सुबह साढ़े 8 बजें दामाखेड़ा से आए मंहत राजू दास एवं संतों के द्वारा गुरु महिमा पाठ, सत्संग, भजन कीर्तन, प्रवचन किया जाएगा। शाम 4 बजें से परम श्रद्धेय गुरु गोसाईं डॉ. भानुप्रताप साहेब एवं पूज्यनीय माता सुलक्षणा देवी का आगमन एवं शोभायात्रा एवं भेंट बंदगी होगी। 23 अप्रैल गुरुवार को सुबह 8 बजे से गुरु महिमा पाठ सत्संग भजन कीर्तन। दोपहर 12 बजे जन प्रतिनिधियों का स्वागत एवं भेंट के तत्पश्चात माता साहिबा सुलक्षणा देवी का प्रवचन होगा। शाम 4 बजें से संध्या पाठ, शाम 7 बजे से सात्विक यज्ञ, आनंदी चौंका, आरती, एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में संत समागम समिति, सद्गुरु कबीर नव युवक मंडल, आमीन माता महिला मंडल एवं समस्त कबीर पंथ समाज जुटे हुए है।

## आत्मानंद स्कूल में अनुशासनहीनता और अव्यवस्थाओं से बिगड़ा महौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



चारामा का प्रतिष्ठित पीएमश्री आत्मानंद स्कूल जो अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाना जाता था। आजकल अव्यवस्थाओं और अनुशासनहीनता का शिकार हो चुका है। विद्यालय में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और छात्रों की अनुशासनहीनता की खबरें सामने आ रही हैं। विद्यालय की बिगड़ती स्थिति पर अब स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग को जल्द से जल्द ध्यान देना चाहिए। यदि इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो यह विद्यालय अपने गौरवशाली इतिहास से दूर हो सकता है।

चारामा के पीएमश्री आत्मानंद में जब पत्रकारों की टीम विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंची, तो वहां कई गंभीर समस्याएं देखने को मिलीं। कक्षाओं में लगे बोर्ड और पंखे जर्जर अवस्था में थे, जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह थी कि विद्यालय की दीवारों पर बिछी करंट प्रवाहित तारें खुली पड़ी थीं, जो छात्रों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं। इतना ही नहीं राष्ट्रनिर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर जो दीवार पर होनी चाहिए थी, वह जमीन पर पड़ी मिली। यह विद्यालय प्रशासन की लापरवाही और ऐतिहासिक विरासत के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है। कुछ दिनों पहले विद्यालय में 12 वीं कक्षा के छात्रों के विदाई समारोह के दौरान अनुशासनहीनता दिखाई दी। छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर में ट्रैक्टर और कारों से स्टंट किए गए इस पर विद्यालय के अनुशासन पर भी सवाल उठ खड़े हुए। जब इस पूरे मामले पर विद्यालय के प्राचार्य से सवाल किया गया तो उन्होंने गोलमोल जवाब देकर बात को टाल दिया। यह दर्शाता है कि प्रशासन इन गंभीर मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय उन्हें नजरअंदाज कर रहा है। क्या अधिकारी इस ओर ध्यान देंगे, या फिर यह विद्यालय कुप्रबंधन और अनुशासनहीनता का केंद्र बन जाएगा।

## बहन से बात करने पर भाइयों ने युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज



**कांकेर।** लड़की के साथ बात करने की बात को लेकर दो युवक ने मिलकर ईमलीपारा नरहरपुर के युवक के साथ मारपीट किया। मारपीट का शिकार हुए युवक ने मारपीट करने की शिकायत थाना में किया, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे ईमलीपारा नरहरपुर निवासी 21 वर्षीय संतोष यादव पिता बिहारी राम यादव ने पुलिस को बताया कि 1 अप्रैल को सुबह करीबन 8 बजे ग्राम भजनाहलाड़ी निवासी पेमन यादव और नितेश यादव दोनो मेरे घर के सामने आकर बोलने लगे की मेरे मामा कि लड़की के साथ बात करता है। तेरा नाम रामधुनी मंडली व महासंघ से हटा दिए है कहते हुए आक्रोशित होकर मेरे साथ मारपीट करने लगे। गाली देते हुए जान से मारने की बात कहने लगे और दोनो ने मिलकर हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट किया, जिससे मेरे पीठ गला व बाएं कान के पास चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामों में होंगे राजस्व पखवाड़े

**कांकेर।** जिले की आमजनता की राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं और प्रकरणों का निबटारा करने के लिए कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार सभी अनुभाग में राजस्व शिविर आयोजित किए जाएंगे। अपर कलेक्टर ने बताया कि इसके लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर, चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजूर में आगामी 07 अप्रैल से 21 अप्रैल, 13 मई से 27 मई तथा 16 जून से 30 जून तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार इन शिविरों में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिले की प्रत्येक तहसील के ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत सभी राजस्व न्यायालय संबंधी प्रकरण, लोकसेवा गारंटी अधिनियम, अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता, सीमांकन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, विवादित नामांतरण, विवादित खाता, सभी राजस्व न्यायालय, जनहानि, पशुहानि, फसल क्षति तथा भू-अर्जन संबंधी प्रकरण। भू-अभिलेख अंतर्गत वार्षिकी कृषि सांख्यिकीय सारणी तथा ऋतु एवं फसल प्रतिवेदन, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, भूमिस्वामी के खाता में आधार, मोबाईल नंबर, किसान किताब एवं जेण्डर और राजस्व पखवाड़ा संबंधी कार्यक्रम अंतर्गत कोटवारों से मुनादी, प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही ऑनलाईन अपलोड, पंचानामा इत्यादि को मौके पर नोटिस ईश्तहार जारी करना, आय, जाति, निवास इत्यादि संबंधित प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही शिविर स्थल में निराकरण किया जाएगा।

## डॉ आंबेडकर की आदमकद मूर्ति का अनावरण 14 को



**अंतागढ़।** अंतागढ़ में अगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब अंबेडकर की जंयती व अंबेडकर कांपलेक्स में बाबा साहेब की मूर्ति अनावरण के संबंध में नयापारा स्थित अंबेडकर भवन में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्व समाज प्रमुख उपस्थित हुए। बैठक में आयोजन संबंधित विशेष चर्चा की गई और साथ ही इस बार बड़े हर्षोल्लास के साथ भव्य रुप से आयोजन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

आयोजित बैठक में सर्व सम्मति निर्णय लिए गए हैं, जिसमें शोभा रैली सुबह 7 बजे आंबेडकर भवन अंतागढ़ से गोल्डन चौक तक निकाली जाएगी। समारोह का शुभारंभ झंडारोहण तथा राष्ट्रगीत के साथ किया जाएगा तत्पश्चात मुख्य अतिथि महोदय द्वारा बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण होगा। समारोह में विशिष्ट व्यक्तियो का सम्मान के साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओं का सम्मान तत्पश्चात सर्व समाज द्वारा सर्वसमाज के लिए सामुदायिक भवन में प्रीतिभोज के साथ समारोह का समापन करना है। जयंती समारोह को सुचारू रूप से मनाने के लिए आयोजन समिति, क्रय समिति तथा संपर्क समिति इत्यादि का गठन किया गया।

## हैंडपंप संधारण के लिए विशेष अभियान जारी



**भानुप्रतापपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए हैंड पंप के संधारण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार से पेयजल की समस्या न हो इसके लिए विभिन्न टेक्निशियनों के माध्यम से पुराने व बंद पड़े हैंड पंप का सुधार कार्य कराया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भानुप्रतापपुर के अनुविभागीय अधिकारी वायके गुरु ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में ग्रीष्मकाल को देखते हुए हैंड पंप के सुधार कार्य के लिए भानुप्रतापपुर के उप अभियंता डीएल देशमुख एवं दुर्गूकोंदल के उप अभियंता मयंक शोरी को निरीक्षण व देख रेख की जिम्मेदारी दी गई है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर इनके मोबाइल नंबर 9407763286 एवं 9406454192 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### मस्जिद चौक से ठेला एवं सब्जी पसरा को हटाए गए

# यातायात व पार्किंग को दुरुस्त करने पुलिस टीम ने की प्रवर्तन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



खबर का असर

यातायात प्रभारी कांकेर एवं यातायात टीम के द्वारा शहर के मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए यातायात एवं नगर पालिका टीम के द्वारा

■ शहर के कई स्थानों पर मुहिम चलाई

शहर के कई स्थानों पर मुहिम चलाया गया। वाहनो के पार्किंग करने के स्थानों में सब्जी पसरा लगा दिया जाता है, जिससे वाहन चालको को वाहन खड़ी करने के लिए परेशानी होती है और कही भी वाहन खड़ी कर देते है, जिससे शहर के अंदर का यातायात व्यवस्था खराब हो जाता है। हरिभूमि ने 2 अप्रैल के अंक में यातायात संबंध में प्रमुखता प्रकाशित किया था, जिसके बाद यातायात व नगर पालिका की टीम की टीम द्वारा मस्जिद चौक से ठेला एवं सब्जी पसरा वालो को हटाया गया। शहर में चलने वाली वाहनों की गति पर अंकुश लगाने और किसी भी प्रकार की दुर्घटना ना इसलिए घड़ी चौक व परसु राम चौक में स्टॉपर लगाया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईके एलिसेला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा के निर्देशानुसार यातायात प्रभारी कांकेर दीपक सॉव एवं यातायात टीम के द्वारा सड़क दुर्घटना व यातायत को सुगम बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 3 अप्रैल को मुहिम चलाया गया और जिला अस्पताल के अंदर पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ किया एवं नया बस स्टैंड मे भी बस एवं ऑटो चालकों को सही पार्किंग में लगाने समझाइए दिया गया, जिससे शहर में यातायात व्यवस्था बनी रहे, किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो। इस प्रकार यातायात टीम द्वारा शहर में पार्किंग एवं मार्ग व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा। शहर में सभी चौक चौराहो, भीड़भाड़ वाले जगहों और मार्केट एरिया में यातायात बल द्वारा लगातार ट्रैफिक व्यवस्थित किया जा रहा। यातायात पेट्रोलिंग द्वारा लगातार इन इलाकों मे पेट्रोलिंग कर यातायता व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411